**Series : SSO/1**

Code No. **67/1/1**
कोड नं.

**Roll No.**
रोल नं.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.
विद्यार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख पृष्ठ पर कोड नं. अवश्य लिखें ।

- Please check that this question paper contains **15** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **23** questions.
- **Please write down the serial number of the question before attempting it.**
- 15 Minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the student will read the question paper only and will not write any answer on the answer script during this period.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **23** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# ACCOUNTANCY
# लेखाशास्त्र

*Time allowed : 3 hours ]* *[ Maximum marks : 80*
*निर्धारित समय : 3 घण्टे]* *[अधिकतम अंक : 80*

***General Instructions :***

*(i) This question paper contains **three** parts A, B and C.*
*(ii) Part A is **compulsory** for all candidates.*
*(iii) Candidates can attempt only **one** part of the remaining parts B and C.*
*(iv) All parts of the questions should be attempted at one place.*

**सामान्य निर्देश :**

*(i) यह प्रश्न-पत्र **तीन** भागों में विभक्त है – क, ख और ग ।*
*(ii) भाग क सभी छात्रों के लिए **अनिवार्य** है ।*
*(iii) शेष भाग ख और ग में से कोई **एक** भाग हल करना है ।*
*(iv) किसी प्रश्न के सभी भागों के उत्तर एक ही स्थान पर लिखिए ।*

## Part – A

### (Not for Profit Organisations, Partnership Firms and Company Accounts)

## भाग – क

### (अलाभकारी संगठन, साझेदारी फर्म तथा कम्पनी खाते)

1. When the Receipts & Payments Account is converted into an Income & Expenditure Account, an accounting concept is to be followed for the provisions of the Accruals & Outstanding. Name the concept that is followed. **1**

   जब प्राप्ति एवं भुगतान खाते का रूपान्तरण आय-व्यय खाते में किया जाता है तो उपार्जित तथा अदत्त के लिए आयोजन करने के लिए एक लेखांकन संकल्पना का अनुसरण किया जाता है । उस संकल्पना का नाम बताइये ।

2. Can a partner be exempted from sharing the losses in a firm ? If yes, under what circumstances ? **1**

   क्या एक साझेदार को फर्म में होने वाली हानियों में भागीदार होने से मुक्त किया जा सकता है ? यदि हाँ, तो किन परिस्थितियों में ?

3. Why should a firm have a partnership deed ? **1**

   एक फर्म में साझेदारी विलेख का होना क्यों आवश्यक है ?

4. How is interest on drawings calculated, if the drawings are made at regular intervals, as on the first day of each month ? **1**

   यदि आहरण प्रत्येक मास के प्रथम दिन नियमित अन्तराल में निकाले जाते हैं तो व्याज की गणना कैसे की जाती है ?

5. Why would an investor prefer to invest in the Debentures of a Company rather than in its Shares ? **1**

   एक निवेशक एक कम्पनी में अंशों की अपेक्षा ऋणपत्रों में निवेश करने को क्यों प्राथमिकता देगा ?

6. From the following information calculate the amount of subscriptions to be credited to the Income & Expenditure Account for the year 2007-08.

| | Rs. |
|---|---|
| Subscriptions received during the year | 80,000 |
| Subscriptions outstanding on 31st March, 2007 | 26,000 |
| Subscriptions outstanding on 31st March, 2008 | 6,000 |
| Subscriptions received in Advance on 31-3-2007 | 15,000 |
| Subscriptions received in Advance on 31-3-2008. | 10,000 |

Subscriptions of Rs.12,000 are still in arrears for the year 2006-07. **3**

निम्नलिखित सूचनाओं से वर्ष 2007-08 में आय-व्यय खाते के जमा की ओर लिखी जाने वाली चन्दे से प्राप्त राशि की गणना कीजिए :

| | रुपये |
|---|---|
| वर्ष में चन्दे से प्राप्त राशि | 80,000 |
| 31 मार्च 2007 को अदत्त चन्दे | 26,000 |
| 31 मार्च 2008 को अदत्त चन्दे | 6,000 |
| 31-3-2007 को पूर्वदत्त चन्दे | 15,000 |
| 31-3-2008 को पूर्वदत्त चन्दे | 10,000 |

वर्ष 2006-07 के 12,000 रुपये चन्दे के अभी भी बकाया हैं ।

7. The Directors of a Company forfeited 200 shares of Rs. 10 each issued at a premium of Rs. 3 per share, for the non-payment of the First Call Money of Rs. 3 per share. The final call of Rs. 2 per share has not been made. Half the forfeited shares were reissued at Rs.1,000 fully paid. Record the Journal Entries for the forfeiture & reissue of shares. **3**

एक कम्पनी के संचालकों ने 10 रुपये प्रत्येक वाले 200 अंश, जिनका निर्गमन 3 रुपया प्रति अंश प्रीमियम पर किया गया था, 3 रुपया प्रति अंश प्रथम याचना राशि का भुगतान प्राप्त न होने पर जब्त कर लिया । 2 रुपये प्रति अंश अन्तिम याचना राशि नहीं माँगी गई है । जब्त किये हुए अंशों में से आधे अंश 1,000 रुपये में पूर्ण भुगतान स्वरूप पुन: निर्गमित कर दिये गये । अंशों के जब्त करने तथा पुन: निर्गमित करने के लिए रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए ।

8. Meena Ltd., issued 60,000 shares of Rs. 10 each at a premium of Rs. 2 per share payable as Rs. 3 on Application, Rs. 5 (Incl. Premium) on allotment and the balance on 1st and final call. Applications were received for 1,02,000 shares. The Directors resolved to allot as follows :

(A) Applicants of 60,000 shares — 30,000 shares
(B) Applicants of 40,000 shares — 30,000 shares
(C) Applicants of 2,000 shares — Nil

Nikhil who had applied for 1,000 shares in category A, and Vish who was allotted 600 shares in category B failed to pay the allotment money. Calculate the amount received on Allotment. **3**

मीना लिमिटेड ने 10 रुपये वाले 60,000 अंशों का 2 रुपया प्रति अंश प्रीमियम की दर से निर्गमन किया । जिन पर प्रति अंश 3 रुपया आवेदन पर, 5 रुपये (प्रीमियम सहित) आबन्टन पर तथा शेष प्रथम एवं अन्तिम याचना पर देय थे । 1,02,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए । संचालकों ने निम्नानुसार आबन्टन करने का निश्चय किया :

(अ) 60,000 अंशों के आवेदकों को — 30,000 अंश
(ब) 40,000 अंशों के आवेदकों को — 30,000 अंश
(स) 2,000 अंशों के आवेदकों को — कुछ नहीं

'निखिल' जिसने 1,000 अंशों के लिए श्रेणी 'अ' में आवेदन किया था तथा 'विश' जिसे श्रेणी 'ब' में 600 अंश आबन्टित किये गये थे आबन्टन राशि का भुगतान करने में असमर्थ रहे । आबन्टन पर प्राप्त धनराशि की गणना कीजिए ।

9. A, B & C were partners in a firm having capitals of Rs. 60,000; Rs. 60,000 and Rs. 80,000 respectively. Their Current Account balances were A : Rs. 10,000; B: Rs. 5,000 and C: Rs. 2,000 (Dr). According to the partnership deed the partners were entitled to interest on capital @ 5% p.a. C being the working partner was also entitled to a salary of Rs. 6,000 p.a. The profits were to be divided as follows :

(a) The first Rs. 20,000 in proportion to their capitals.

(b) Next Rs. 30,000 in the ratio of 5 : 3 : 2.

(c) Remaining profits to be shared equally.

The firm made a profit of Rs.1,56,000 before charging any of the above items. Prepare the Profit & Loss Appropriation Account and pass necessary journal entry for apportionment of profit. 4

'अ', 'ब' तथा 'स' एक फर्म में साझेदार थे जिनकी पूँजी क्रमश: 60,000 रुपये, 60,000 रुपये तथा 80,000 रुपये थी । उनके चालू खातों के शेष 'अ' 10,000 रुपये, 'ब' 5,000 रुपये तथा 'स' 2,000 रुपये (नाम) थे । साझेदारी विलेख के अनुसार साझेदार प्रतिवर्ष 5% की दर से पूँजी पर ब्याज पाने के अधिकारी थे । 'स' जो कार्यरत साझेदार था, प्रतिवर्ष 6,000 रुपये वेतन पाने का भी अधिकारी था । लाभों का विभाजन निम्नानुसार होना था :

(अ) प्रथम 20,000 रुपये पूँजी के अनुपात में

(ब) अगले 30,000 रुपये 5 : 3 : 2 के अनुपात में

(स) शेष लाभ का विभाजन बराबर-बराबर के अनुपात में ।

उपरोक्त किसी भी मद के लिए प्रभार लगाने से पूर्व फर्म ने 1,56,000 रुपये का लाभ कमाया । लाभ-हानि विनियोजन खाता तैयार कीजिए तथा लाभ के प्रभाजन की आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टि कीजिए ।

10. (a) A & B are partners in the ratios of 5 : 4. They admit C for 1/10[th] share, which he acquires, in equal proportions from both. Find the new profit sharing ratio.

(b) A, B & C were partners in a firm sharing profits in the ratio of 8 : 4 : 3. B retires and his share is taken up equally by A & C. Find the new profit sharing ratio. **2 + 2 = 4**

(अ) 'अ' तथा 'ब' साझेदार हैं जो लाभों को 5 : 4 के अनुपात में विभाजित करते हैं । उन्होंने 'स' को 1/10 अंश लाभ के लिए फर्म में प्रवेश दिया, जिसे वह दोनों से बराबर-बराबर के अनुपात में लेता है । लाभ विभाजन का नया अनुपात ज्ञात कीजिए ।

(ब) 'अ', 'ब' तथा 'स' एक फर्म में साझेदार थे जो लाभों को 8 : 4 : 3 के अनुपात में विभाजित करते थे । 'ब' अवकाश ग्रहण करता है तथा उसके अंश के लाभ को 'अ' तथा 'स' बराबर-बराबर लेते हैं । लाभ विभाजन का नया अनुपात ज्ञात कीजिए ।

11. Mona Ltd., has issued 20,000, 9% Debentures of Rs. 100 each of which half the amount is due for redemption on March 31st 2008. The company has in its Debenture Redemption Reserve Account a balance of Rs. 4,40,000. Record the necessary journal entries at the time of Redemption of Debentures. 4

मौना लिमिटेड ने 20,000, 9% ऋणपत्र निर्गमित किये हुए हैं जो प्रत्येक 100 रुपये का है । उनमें से आधे ऋणपत्रों का शोधन 31 मार्च 2008 को होना है । कम्पनी के ऋणपत्र शोधन कोष खाते में 4,40,000 रुपये का शेष है । ऋणपत्रों के शोधन के समय की आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए ।

12. The following is the Receipts & Payments Account of Queen's Club for the year ended March 31st 2008. 6

| Receipts | Rs. | Payments | Rs. |
|---|---|---|---|
| To Balance b/d | 1,82,000 | By Salaries | 1,66,000 |
| " Subscriptions | 1,80,000 | " Stationery | 32,000 |
| " Tournament Fund | 1,64,000 | " Rent | 48,000 |
| " Interest (investments) | 65,000 | " Telephone expenses | 8,000 |
| " Donations | 1,12,000 | " Sports Material & Exp. | 78,000 |
| " Sale-concert tickets | 2,47,000 | " Investments 6% | 5,00,000 |
| | | " Misc. Exp. | 24,000 |
| | | " Concert Expenses | 58,000 |
| | | " Balance c/d | 36,000 |
| | **9,50,000** | | **9,50,000** |

The following additional information is provided :

(a) Subscriptions include Rs. 12,000 for 2006-07 and Rs. 18,000 for 2008-09.

(b) Stock of stationery on 31st March, 2007 and 2008 was Rs. 7,200 & Rs. 5,400 respectively.

(c) Stock of Sports material at the beginning and end of the year was Rs. 12,000 and Rs. 21,000 respectively.

(d) Rent includes Rs. 4,000 paid for March, 2007. Rent for March, 2008 is outstanding.

(e) Telephone expenses include Rs. 3,000 as quarterly rent up to May 31st 2008.

(f) The value of Building as on 31st March 2007, was Rs. 8,00,000 and you are required to write off depreciation at 10%.

(g) The value of investments on 31st March, 2007 was Rs. 10,00,000 and the club made similar additional investments during the year on 1st October, 2007.

You are required to prepare the Income & Expenditure Account of the club for the year ended March 31st 2008.

31 मार्च 2008 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए क्वीन्स क्लब का प्राप्ति एवं भुगतान खाता निम्नलिखित है :

| प्राप्तियाँ | रुपये | भुगतान | रुपये |
|---|---|---|---|
| पिछला शेष लाये | 1,82,000 | वेतन | 1,66,000 |
| चन्दे | 1,80,000 | स्टेशनरी | 32,000 |
| टूर्नामेन्ट फण्ड | 1,64,000 | किराया | 48,000 |
| ब्याज (विनियोग) | 65,000 | टेलीफोन व्यय | 8,000 |
| दान | 1,12,000 | क्रीड़ा सामान तथा व्यय | 78,000 |
| गोष्ठी टिकिट विक्रय | 2,47,000 | 6% विनियोग | 5,00,000 |
| | | विविध व्यय | 24,000 |
| | | गोष्ठी व्यय | 58,000 |
| | | शेष आगे ले गये | 36,000 |
| | **9,50,000** | | **9,50,000** |

अतिरिक्त सूचना निम्नांकित है :

(अ) चन्दे में 12,000 रुपये 2006-07 के तथा 18,000 रुपये 2008-09 के सम्मिलित हैं ।

(ब) स्टेशनरी का स्टॉक 31 मार्च 2007 तथा 2008 को क्रमश 7,200 रुपये तथा 5,400 रुपये था ।

(स) क्रीड़ा सामान का स्टॉक वर्ष के प्रारम्भ तथा अन्त में क्रमश: 12,000 रुपये तथा 21,000 रुपये था ।

(द) किराये में 4,000 रुपये मार्च 2007 के सम्मलित हैं तथा मार्च 2008 का किराया अदत्त है ।

(य) टेलीफोन व्ययों में 3,000 रुपये त्रैमासिक (क्वार्टर्ली) किराया 31 मई, 2008 तक का सम्मिलित है ।

(फ) 31 मार्च 2007 को भवन का मूल्य 8,00,000 रुपये था जिस पर 10% की दर से ह्रास काटना है ।

(ग) 31 मार्च 2007 को विनियोगों का मूल्य 10,00,000 रुपये था क्लब ने उसी प्रकार के अतिरिक्त विनियोगों का क्रय वर्ष के दौरान 1 अक्टूबर 2007 को किया था ।

31 मार्च 2008 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए क्लब का आय-व्यय खाता तैयार कीजिए ।

13. X, Y & Z were partners sharing profits in the ratio 3 : 2 : 1. On 31st March, 2008, their Balance Sheet stood as under :

| Liabilities | Rs. | Assets | Rs. |
|---|---|---|---|
| Capitals : Rs. | | Cash at bank | 70,000 |
| X : 75,000 | | Investments | 50,000 |
| Y : 70,000 | | Patents | 15,000 |
| Z : 50,000 | 1,95,000 | Stock | 25,000 |
| Creditors | 72,000 | Debtors | 20,000 |
| General Reserve | 24,000 | Buildings | 75,000 |
| | | Machinery | 36,000 |
| | **2,91,000** | | **2,91,000** |

Z died on May 31st 2008. It was agreed that :

(a) Goodwill was valued at 3 years' purchase of the average profits of the last five years, which were, 2003: Rs. 40,000; 2004: Rs. 40,000; 2005: Rs. 30,000; 2006: Rs. 40,000 and 2007: Rs. 50,000.

(b) Machinery was valued at Rs. 70,000, Patents at Rs. 20,000 and Buildings at Rs. 66,000.

(c) For the purpose of calculating Z's share of profits till the date of death, it was agreed that the same be calculated based on the average profits for the last 2 years.

(d) The executor of the deceased partner is to be paid the entire amount due by means of a cheque.

Prepare Z's Capital Account to be rendered to the executor and also a Journal entry for the settlement of the amount due to Z's executors. **6**

ऐक्स, वाई तथा जैड साझेदार हैं जो लाभों को 3 : 2 : 1 के अनुपात में विभाजित करते हैं । 31 मार्च 2008 को उनका स्थिति-विवरण निम्नलिखित था :

| देनदारियाँ | रुपये | सम्पत्तियाँ | रुपये |
|---|---|---|---|
| पूँजी : रुपये | | रोकड़ बैंक में | 70,000 |
| एक्स : 75,000 | | विनियोग | 50,000 |
| वाई : 70,000 | | पेटेन्ट्स | 15,000 |
| जैड : 50,000 | 1,95,000 | स्टॉक | 25,000 |
| लेनदार | 72,000 | देनदार | 20,000 |
| सामान्य संचय | 24,000 | भवन | 75,000 |
| | | मशीनरी | 36,000 |
| | **2,91,000** | | **2,91,000** |

31 मई 2008 को जैड की मृत्यु हो गई । समझौता निम्न प्रकार हुआ :

(अ) ख्याति का मूल्यांकन विगत पाँच वर्षों के औसत लाभ के तीन वर्ष के क्रय के बराबर होगा । लाभ 2003 में 40,000 रुपये, 2004 में 40,000 रुपये, 2005 में 30,000 रुपये, 2006 में 40,000 रुपये तथा 2007 में 50,000 रुपये थे ।

(ब) मशीनरी का 70,000 रुपये, पेटेन्ट्स का 20,000 रुपये तथा भवन का 66,000 रुपये पर मूल्यांकन हुआ ।

(स) जैड की मृत्यु वाले दिन तक उसके अंश के लाभ की गणना करने के लिए निश्चय किया गया कि लाभ की गणना विगत दो वर्षों के औसत लाभ के आधार पर होगी ।

(द) मृतक साझेदार की समस्त देय धनराशि का भुगतान उसके निष्पादक को तुरन्त चैक द्वारा कर दिया जायेगा ।

जैड का पूँजी खाता जो उसके निष्पादक को भेजा जाना है, तैयार कीजिए तथा जैड के निष्पादक को देय धनराशि के भुगतान की रोजनामचा प्रविष्टि कीजिए ।

14. (a) Mohit Ltd., took over assets of Rs. 8,40,000 and liabilities of Rs. 80,000 of Ram Ltd. at an agreed value of Rs. 7,20,000. Mohit Ltd. paid to Ram Ltd., by issue of 9% debentures of Rs. 100 each at a premium of 20%.

Pass necessary journal entries to record the above transactions in the books of Mohit Ltd.

(b) Give Journal entries in each of the following cases if the face value of a Debenture is Rs. 100.

(i) A debenture issued at Rs. 110 repayable at Rs. 100

(ii) A debenture issued at Rs. 100 repayable at Rs. 105

(iii) A debenture issued at Rs. 105 repayable at Rs. 105 **3 + 3 = 6**

(अ) मोहित लिमिटेड ने राम लिमिटेड की सम्पत्तियाँ 8,40,000 रुपये तथा देनदारियाँ 80,000 रुपये की एक निश्चित मूल्य 7,20,000 रुपये में क्रय की । मोहित लिमिटेड ने 100 रुपये प्रत्येक वाले 9% ऋणपत्रों को 20% प्रीमियम पर निर्गमित करके राम लिमिटेड का भुगतान किया ।

उपरोक्त लेनदेनों के लेखांकन के लिए मोहित लि. की पुस्तकों में आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए ।

(ब) निम्नलिखित के लिए आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए यदि एक ऋणपत्र का अंकित मूल्य 100 रुपये है :

(i) एक ऋणपत्र का निर्गमन 110 रुपये में किया जो 100 रुपये पर शोधनीय था ।

(ii) एक ऋणपत्र का निर्गमन 100 रुपये में किया जो 105 रुपये पर शोधनीय था ।

(iii) एक ऋणपत्र 105 रु. में निर्गमित किया जिसका शोधन 105 रुपये पर होना था ।

15. A Co. issued to the public for subscription 40,000 shares of Rs. 10 each at a discount of 10% payable as Rs. 2 each on application, Allotment and First call and Rs. 3 on the Final call. Applications were received for 60,000 shares and allotment was made pro-rata to 80% of applicants. R to whom 1,600 shares were allotted paid only the application money, and S who had applied for 2,400 shares paid the entire call money due along with the allotment. Pass necessary Journal entries to record the above transactions. 8

**OR**

Petromax Ltd., issued 50,000 shares of Rs. 10 each at a premium of Rs. 2 per share payable as Rs. 3 on application Rs. 5 including premium on allotment and the balance in equal instalments over two calls. Applications were received for 92,000 shares and the allotment was done as under :

A : Applicants of 40,000 shares – Allotted 30,000 shares

B : Applicants of 40,000 shares – Allotted 20,000 shares

C : Applicants of 12,000 shares – Nil

Suresh who had applied for 2,000 shares (Category A) did not pay any money other than application money.

Chandar who was allotted 800 shares (Category B) paid the call money due along with allotment.

All other allottees paid their dues as per schedule.

Pass necessary journal entries in the books of Petromax Ltd. to record the above.

एक कम्पनी ने 10 रुपये वाले 40,000 अंशों का सार्वजनिक अंशदान के लिए निर्गमन 10% छूट पर किया, जिसका आवेदन, आबन्टन, एवं प्रथम याचना प्रत्येक पर 2 रुपया तथा अन्तिम याचना पर 3 रुपया प्रति अंश देय था । 60,000 अंशों के लिए प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए तथा 80% आवेदकों को आनुपातिक आधार पर आबन्टन किया गया । 'आर' जिसे 1,600 अंश आबन्टित किये गये थे, ने केवल आवेदन राशि का ही भुगतान किया । तथा 'ऐस' जिसने 2,400 अंशों के लिए आवेदन किया था, आबन्टन के समय ही सभी याचना राशियों का भुगतान कर दिया । उपरोक्त के लिए आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए ।

**अथवा**

पैट्रोमैक्स लिमिटेड ने 50,000 अंशों को जिसमें प्रत्येक अंश 10 रु. का था, 2 रु. अधिमूल्य पर निर्गमित किया । अंशों का भुगतान 3 रु. आवेदन पर 5 रु. आबंटन पर अधिमूल्य सहित तथा शेष राशि दो बराबर की किस्तों में दो याचनाओं पर किया जाना था । 92,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए जिनका आबंटन निम्न प्रकार किया गया :

अ : 40,000 अंशों के आवेदकों को – 30,000 अंश आबंटित किए गए ।

ब : 40,000 अंशों के आवेदकों को – 20,000 अंश आबंटित किए गए ।

स : 12,000 अंशों के आवेदकों को – कोई अंश आबंटित नहीं किया गया ।

सुरेश, जिसने 2,000 अंशों के लिए आवेदन किया था (श्रेणी 'अ') आवेदन राशि के अतिरिक्त कोई भी राशि नहीं दे सका ।

चन्द्र ने, जिसे 800 अंश आबंटित किए गए (श्रेणी 'ब') आबंटन राशि के साथ ही याचना राशि का भुगतान भी कर दिया ।

बाकी सभी आंबटियों ने निश्चित समय पर अपनी देय राशि का भुगतान किया ।

पैट्रोमैक्स लिमिटेड की पुस्तकों में उपरोक्त का लेखा करने के लिए आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियां कीजिए ।

16. Jain & Gupta were partners sharing profits in the ratio of 3 : 2. Their balance sheet on March 31st 2008 was as follows :

| Liabilities | Rs. | Assets | | Rs. |
|---|---|---|---|---|
| Creditors | 20,000 | Cash | | 14,800 |
| Bills payable | 3,000 | Debtors | 20,500 | |
| Bank overdraft | 17,000 | Less: Prov. for | | |
| Reserve | 15,000 | Bad debts | 300 | 20,200 |
| Jain's Capital | 70,000 | Stock | | 20,000 |
| Gupta's Capital | 60,000 | Plant | | 40,000 |
| | | Buildings | | 70,000 |
| | | Motor Vehicles | | 20,000 |
| | **1,85,000** | | | **1,85,000** |

They agreed to admit Mishra for 1/4th share from 1-4-2008 subject to the following terms :

(a) Mishra to bring in capital equal to 1/4th of the total capital of Jain & Gupta after all adjustments including premium for goodwill.

(b) Buildings to be appreciated by Rs.14,000 and stock to be depreciated by Rs. 6,000.

(c) Provision for Bad debts on Debtors to be raised to Rs. 1,000.

(d) A provision be made for Rs. 1,800 for outstanding legal charges.

(e) Mishra's Share of goodwill/premium was calculated at Rs. 10,000.

Prepare Revaluation Account, Partner's Capital Accounts and the Balance Sheet of the new firm on Mishra's admission. 8

**OR**

A, B & C were in partnership sharing profits in proportion to their capitals. Their Balance Sheet on 31-3-2008 was as follows :

| Liabilities | Rs. | Assets | | Rs. |
|---|---|---|---|---|
| Creditors | 15,600 | Cash | | 16,000 |
| Reserve | 6,000 | Debtors | 20,000 | |
| A's Capital | 90,000 | Less: Prov. for | | |
| B's Capital | 60,000 | doubtful debts | 400 | 19,600 |
| C's Capital | 30,000 | Stock | | 18,000 |
| | | Machinery | | 48,000 |
| | | Buildings | | 1,00,000 |
| | **2,01,600** | | | **2,01,600** |

On the above date B retired owing to ill health and the following adjustments were agreed upon :

(a) Buildings be appreciated by 10%.

(b) Provision for doubtful debts be increased to 5% of debtors.

(c) Machinery be depreciated by 15%.

(d) Goodwill of the firm be valued at Rs. 36,000 and be adjusted into the Capital Accounts of A & C who will share profits in future in the ratio of 3 : 1.

(e) A provision be made for outstanding repairs bill of Rs. 3,000.

(f) Included in the value of creditors is Rs. 1,800 for an outstanding legal claim, which is not likely to arise.

(g) Out of the insurance premium paid Rs. 2,000 is for the next year. The amount was debited to P & L A/c.

(h) The partners decide to fix the capital of the new firm as Rs. 1,20,000 in the profit sharing ratios.

(i) B to be paid Rs. 9,000 in cash and the balance to be transferred to his Loan Account.

Prepare the Revaluation Account, Partners' Capital Accounts and the Balance Sheet of the new firm after B's retirement.

'जैन' तथा 'गुप्ता' साझेदार थे जो लाभों को 3 : 2 के अनुपात में विभाजित करते थे । 31 मार्च 2008 को उनका स्थिति विवरण निम्नलिखित था :

| देनदारियाँ | रुपये | सम्पत्तियाँ | | रुपये |
|---|---|---|---|---|
| लेनदार | 20,000 | रोकड़ | | 14,800 |
| देय विपत्र | 3,000 | देनदार | 20,500 | |
| बैंक अधिविकर्ष | 17,000 | डूबत ऋण संचय | 300 | |
| संचय | 15,000 | | | 20,200 |
| पूँजी – जैन | 70,000 | स्टॉक | | 20,000 |
| " गुप्ता | 60,000 | संयन्त्र | | 40,000 |
| | | भवन | | 70,000 |
| | | मोटर गाड़ी | | 20,000 |
| | **1,85,000** | | | **1,85,000** |

निम्नलिखित शर्तों पर, 1-4-2008 से वे मिश्रा को 1/4 लाभ के अंश के लिए प्रवेश देने के लिए सहमत हुए :

(अ) मिश्रा, जैन व गुप्ता की सभी समायोजनों जिसमें ख्याति के लिए प्रीमियम भी सम्मिलित है के पश्चात् कुल पूँजी का 1/4 भाग के बराबर पूँजी के रूप में लायेगा ।

(ब) भवन को 14,000 रुपये से बढ़ाना है तथा स्टॉक पर 6,000 रुपये का ह्रास काटना है ।

(स) देनदारों पर संदिग्ध ऋणों के लिए आयोजन 1,000 रुपये तक करना है ।

(द) कानूनी व्ययों के लिए जो अभी अदत्त हैं, 1,800 रुपये का आयोजन करना है ।

(य) मिश्रा के अंश की ख्याति / प्रीमियम की गणना 10,000 रुपये की गई है ।

मिश्रा के प्रवेश पर पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा नई फर्म का स्थिति-विवरण तैयार कीजिए ।

**अथवा**

'अ', 'ब' तथा 'स' साझेदार थे जो लाभों को पूँजी के अनुपात में विभाजित करते थे । 31-3-2008 को उनका स्थिति-विवरण निम्नलिखित था :

| देनदारियाँ | | रुपये | सम्पत्तियाँ | | रुपये |
|---|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 15,600 | रोकड़ | | 16,000 |
| संचय | | 6,000 | देनदार | 20,000 | |
| पूँजी | 'अ' | 90,000 | – डूबत ऋण आयोजन | 400 | 19,600 |
| पूँजी | 'ब' | 60,000 | स्टॉक | | 18,000 |
| पूँजी | 'स' | 30,000 | मशीनरी | | 48,000 |
| | | | भवन | | 1,00,000 |
| | | **2,01,600** | | | **2,01,600** |

उपरोक्त तिथि को 'ब' के बीमार हो जाने के कारण उसने अवकाश ग्रहण किया तथा निम्नलिखित समायोजन किये गये :

(अ) भवन को 10% बढ़ाना है ।

(ब) संदिग्ध ऋणों के लिए आयोजन, देनदारों का 5% तक करना है ।

(स) मशीनरी पर 15% ह्रास काटना है ।

(द) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन 36,000 रुपये किया गया, जिसका समायोजन 'अ' व 'स' के पूँजी खातों में किया गया जो भविष्य में लाभों को 3 : 1 के अनुपात में विभाजित करेंगे ।

(य) अदत्त मरम्मत बिल के लिए 3,000 रुपये का आयोजन करना है ।

(फ) लेनदारों में 1,800 रुपये अदत्त कानूनी व्ययों के सम्मिलित हैं जो अब नहीं देने हैं ।

(ग) बीमा प्रीमियम भुगतान में 2,000 रुपये अगले वर्ष के लिए सम्मिलित हैं तथा लाभ-हानि खाते में नाम में लिखे हुए है ।

(त) साझेदारों ने नई फर्म की पूँजी 1,20,000 रुपये निश्चित की जो उनके लाभ के अनुपात में होगी ।

(ञ) 'ब' को 9,000 रुपये का नकद भुगतान किया जायेगा तथा शेष उसके ऋण खाते में स्थानान्तरित कर दिया जायेगा ।

'ब' के अवकाश ग्रहण के उपरान्त पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा नई फर्म का स्थिति-विवरण तैयार कीजिए ।

# Part – B
## (Analysis of Financial Statements)
# भाग – ख
## (वित्तीय विवरणों का विश्लेषण)

17. State why non-cash transactions are ignored while preparing a Cash Flow Statement ? 1

रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार करते समय अमौद्रिक लेनदेनों की उपेक्षा क्यों की जाती है ?

18. When is Dividend received considered as operating activity ? 1

प्राप्त लाभांश को प्रचालन क्रियाकलाप कब समझा जाता है ?

19. What will be the operating profit ratio, if operating ratio is 83.64 % ? 1

यदि प्रचालन अनुपात 83.64 % हो तो प्रचालन लाभ अनुपात क्या होगा ?

20. What are the importance of Financial Statement Analysis ? 3

वित्तीय विवरण विश्लेषण के महत्त्व क्या हैं ?

21. Prepare a comparative Income Statement from the following :

| | 31st March 2007 | 31st March 2008 |
|---|---|---|
| | Rs. | Rs. |
| Sales | 10,00,000 | 12,50,000 |
| Cost of Goods sold | 5,00,000 | 6,50,000 |
| Operating expenses | 50,000 | 60,000 |

Interest on investments @ Rs. 30,000 and taxes payable @50%. 4

निम्नलिखित से तुलनात्मक आय विवरण तैयार कीजिए :

| | 31 मार्च 2007 | 31 मार्च 2008 |
|---|---|---|
| | रु. | रु. |
| विक्रय | 10,00,000 | 12,50,000 |
| बेचे गये माल की लागत | 5,00,000 | 6,50,000 |
| प्रचालन व्यय | 50,000 | 60,000 |

विनियोगों पर ब्याज 30,000 रुपये है, तथा कर 50% की दर से देय है ।

22. (a) Net Profit after Interest but before tax Rs. 1,40,000; 15% long term debts Rs. 4,00,000, Shareholders funds Rs. 2,40,000; Tax rate 50%. Calculate Return on capital employed.

(b) Opening Stock : Rs. 60,000; Closing Stock: Rs. 1,00,000; Stock turnover Ratio 8 times; Selling price 25% above cost; Calculate the Gross Profit ratio. **2 + 2 = 4**

(अ) ब्याज काटने के बाद तथा कर लगाने से पूर्व शुद्ध लाभ 1,40,000 रुपये, 15% दीर्घकालीन ऋण 4,00,000 रुपये, अंशधारी कोष 2,40,000 रुपये, कर की दर 50%, नियोजित पूँजी पर प्रत्याय की गणना कीजिए ।

(ब) प्रारम्भिक स्टॉक 60,000 रुपये, अन्तिम स्टॉक 1,00,000 रुपये, स्टॉक आवर्त अनुपात 8 गुणा, विक्रय मूल्य लागत से 25% अधिक, सकल लाभ अनुपात की गणना कीजिए ।

23. X Ltd., made a profit of Rs. 1,00,000 after considering the following items :

(a) Depreciation on Fixed Assets Rs. 20,000.

(b) Writing off preliminary expenses Rs. 10,000.

(c) Loss on sale of furniture Rs. 1,000.

(d) Provision for taxation Rs. 1,60,000.

(e) Transfer to General Reserve Rs. 14,000.

(f) Profit on sale of machinery Rs. 6,000.

The following additional information is available to you :

| **Items** | **31-3-2007** Rs. | **31-3-2008** Rs. |
|---|---|---|
| Debtors | 24,000 | 30,000 |
| Creditors | 20,000 | 30,000 |
| Bills Receivable | 20,000 | 17,000 |
| Bills Payable | 16,000 | 12,000 |
| Prepaid expenses | 400 | 600 |

Calculate Cash flow from operating activities. **6**

निम्नलिखित मदों को ध्यान में रखते हुए ऐक्स लिमिटेड ने 1,00,000 रुपये का लाभ कमाया :

(अ) स्थाई सम्पत्तियों पर ह्रास 20,000 रुपये

(ब) प्रारम्भिक व्ययों का अपलेखन 10,000 रुपये

(स) फर्नीचर की बिक्री से हानि 1,000 रुपये

(द) कर के लिए आयोजन 1,60,000 रुपये

(य) सामान्य संचय के लिए हस्तान्तरण 14,000 रुपये

(फ) मशीनरी के विक्रय से लाभ 6,000 रुपये

आपको निम्नलिखित अतिरिक्त सूचना उपलब्ध है :

| मदें | 31-3-2007 | 31-3-2008 |
|---|---|---|
| | रुपये | रुपये |
| देनदार | 24,000 | 30,000 |
| लेनदार | 20,000 | 30,000 |
| प्राप्य विपत्र | 20,000 | 17,000 |
| देय विपत्र | 16,000 | 12,000 |
| पूर्व दत्त व्यय | 400 | 600 |

प्रचालन क्रियाकलापों से रोकड़ प्रवाह की गणना कीजिए ।

## Part – C
## (Computerised Accounting)
## भाग – ग
## (अभिकलित्र लेखांकन)

17. What is Coding ? 1
संकेतीकरण (कोडिंग) क्या है ?

18. What is a super group ? 1
उपरि-समूह (सुपर ग्रुप) क्या है ?

19. List any four basic systems of computerized accounting system. 2
अभिकलित्र लेखांकन पद्धति के कोई चार आधारभूत तन्त्र बताइये ।

20. What is import & export of data ? 3
समंकों का आयात तथा निर्यात क्या है ?

21. What is meant by Internal checks ? 3
आन्तरिक जाँच का क्या तात्पर्य होता है ?

22. What are the essentials of a good reporting system ? **4**

एक अच्छी प्रतिवेदन पद्धति (रिपोर्टिंग सिस्टम) के मौलिक तत्त्व क्या हैं ?

23. A factory owner purchases a new machine that costs Rs. 3,00,000 and has a useful life for 10 years, with salvage value of Rs. 30,000. Indicate the formula to be used in an Excel worksheet to calculate Depreciation under the Diminishing Balance Method. Also using the formula, calculate the depreciation to be provided for a day, a month and a year. **6**

एक फैक्ट्री का स्वामी एक मशीन 3,00,000 रुपये में क्रय करता है, जिसका उपयोगी जीवनकाल 10 वर्ष है और उसका अवशेष मूल्य 30,000 रुपये है । क्रमागत ह्रास नियम द्वारा ह्रास की गणना करने के लिए एक ऐक्सल वर्कशीट में प्रयोग होने वाले सूत्र को दर्शाइये । सूत्र का ही प्रयोग करते हुए एक दिन के लिए, एक मास के लिए तथा एक वर्ष के लिए लगाये जाने वाले ह्रास की गणना कीजिए ।

---